(घ) यदि नहीं, तो इन केन्द्रों को शीघ्र चालू करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री पी० एम० सईद): (क) आकाशवाणी ने देश के 90% क्षेत्र और 97.3% जनसंख्या को कवर किया है जबकि दूरदर्शन ने 68.4% क्षेत्र और 85.4% जनसंख्या को कवर किया है। आकाशवाणी का हिसार में एक 6 कि०वा० एफ० एम० ट्रान्समीटर बहुउद्देशीय स्टूडियो, प्राप्ति सुविधा और स्टाफ क्वार्टर स्थापित करने का प्रस्ताव है, दूरदर्शन के पास वहां एक अल्प शक्ति टी०वी० ट्रान्समीटर है।

(ख) आकाशवाणी द्वारा हिसार की स्कीम के लिए वित्तीय वर्ष 1994-95 और 1995-96 के दौरान, क्रमशः 28.35 लाख रुपए और 34.00 लाख रुपए की राशि उद्दिष्ट की गई है। दूरदर्शन के पास हिसार के लिए वर्तमान में कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।

(ग) और (घ) 1996-97 के दौरान आकाशवाणी की स्कीम के तकनीकी रूप से तैयार हो जाने की संभावना है।

Power Project by Japanese Firm

98. SHRI RAM NATH KOVIND: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news-item published in the 'Hindustan Times' dated the 8th February, 1996 under the caption "Japanese Firm plans powers project in India";

(b) if so, the details in this regard and whether Government have approved the proposal;

(c) if so, the terms and conditions of the collaboration agreement; and

(d) the place where the power project is likely to be set up and to what extent power production is likely to increase as a result thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRIMATI URMILABEN CHIMANBHAI PATEL): (a) Yes, Sir.

(b) There is no proposal under consideration for setting up a 37,000 KW Power project in India at a cost of 10 billion dollars by Japanese industrial house, as reported in the news item.

(c) and (d) Do not arise in view of reply to (b) above.

गुजरात को विभिन्न राज्यों द्वारा विद्युत आपूर्ति

99. **श्री अनंतराय देवशंकर दवे**: क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कौन-कौन से राज्य गुजरात को विद्युत की आपूर्ति करते हैं और प्रत्येक राज्य द्वारा प्रतिदिन कितनी मात्रा में विद्युत आपूर्ति की जाती है और किन-किन दरों पर;

(ख) इन राज्यों द्वारा आपूर्त की जा रही विद्युत के वितरण की प्रणाली किस प्रकार तैयार की जा रही है; और

(ग) सरकार गुजरात हेतु विभिन्न विद्युत परियोजनाओं के लंबित प्रस्तावों को कब तक स्वीकृति देने का विचार रखती है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल): (क) अपने विद्युत उत्पादन केन्द्रों से विद्युत प्राप्त करने के अलावा अपनी विद्युत संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए गुजरात, क्षेत्र में केन्द्रीय स्टेशनों से भी अपने हिस्से की विद्युत प्राप्त करता है। अप्रैल, 95-जनवरी, 96 की अवधि के दौरान गुजरात द्वारा केन्द्रीय क्षेत्र के स्टेशनों से वस्तुतः प्राप्त की गई विद्युत की अपेक्षा हकदारी का ब्यौरा निम्नवत है: